नई दिल्ली
रविवार, 24 अगस्त, 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 130
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 26

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पत्र, दस्तावेज हालांकि भेजे जा सकेंगे और 100 डॉलर तक की उपहार वस्तुओं पर भी बरकरार रहेगी छूट

# ट्रंप के टैरिफ पर भारत का जवाब, 25 अगस्त से बंद की अमेरिका के लिए डाक सेवाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ पर जैसे को तैसा वाला जवाब देते हुए भारत ने आगामी सोमवार 25 अगस्त 2025 से अमेरिका के लिए जाने वाली सभी प्रकार की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाओं पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है।

भारतीय डाक विभाग ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान के जरिए इस संबंध में घोषणा करते हुए बताया कि अमेरिका द्वारा सीमा-शुल्क से जुड़े नियमों में बदलाव को लेकर 30 जुलाई को जारी किए गए एक कार्यकारी आदेश (संख्या-14324) के जवाब में भारत ने यह कदम उठाया है। जो कि 29 अगस्त से लागू होगा। विभाग ने ये भी कहा कि अमेरिका के सीमा शुल्क और डाक सेवा विभाग से उसकी बातचीत जारी है। जिसका उद्देश्य जल्द से जल्द डाक सेवाओं की पुनः बहाली पर केंद्रित है। इसके अलावा विभाग मामले पर सभी हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करके स्थिति पर बेहद बारीकी से नजर बनाए हुए है। यथाशीघ्र सेवाओं को सामान्य बनाने के लिए हर संभव ⏩ शेष पेज 7 पर



### 800 डॉलर के सामान पर लगेगा शुल्क

अंतरराष्ट्रीय डाक नेटवर्क के जरिए सामान की खेप अमेरिका पहुंचाने वाले वाहकों को डाक पर शुल्क लेना और उसका भुगतान करना पड़ेगा। पूर्व में करीब 800 डॉलर के सामान पर सीमा शुल्क में छूट दी जाती थी। जिसे नए आदेश के तहत खत्म कर दिया गया है। अब अमेरिका पहुंचने वाले हर मूल्य के सामानों पर 29 अगस्त से शुल्क मुक्त न्यूनतम छूट वापस ले ली जाएगी। विभाग का ये भी कहना है कि वो पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के माध्यम से समय-समय पर मामले को लेकर जरूरी जानकारी साझा करता रहेगा। अमेरिकी सीबीपी-यूएसपीएस से जरूरी निर्देश मिलते ही इस संबंध में संचालन बहाल करने हेतु कदम उठाए जाएंगे।

### पहले बुकिंग कराने वालों का पैसा वापस होगा

जिन ग्राहकों से पहले ही अपने सामान की बुकिंग करा ली है। लेकिन अब अमेरिका के नियम की वजह से उनका सामान नहीं भेजा जा रहा है। वो अपने पैसे डाक विभाग से वापस ले सकते हैं। भारतीय डाक विभाग ने ग्राहकों से माफी मांगते हुए उन्हें यह आश्वासन दिया है कि वह जल्द से जल्द डाक सेवाओं की बहाली की कवायद में जुटा हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कटनी में माइनिंग कॉन्क्लेव में 'धन वर्षा'

# 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश के लिए उद्योगपतियों ने साइन किए एमओयू




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कटनी के अरिंदम होटल में माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री के कटनी आगमन पर हेलीपेड से लेकर माइनिंग कॉन्क्लेव स्थल तक करीब 5 किलोमीटर के रोड-शो के दौरान 19 स्थानों में स्टॉल लगाकर लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

कॉन्क्लेव में लगभग दो हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ⏩ शेष पेज 7 पर

### यहां उद्योगपतियों को अच्छा परिवेश मिलेगा

डॉ. यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग की चिंता की है। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो की है। उद्योगपतियों के माध्यम से रोजगार मिलता है। अच्छी सड़कें हैं, बिजली है, अच्छा माहौल है। कटनी की पहचान खनिज संसाधन की प्रचुरता की है। उन्होंने कहा मप्र में एयर कार्गो की तैयारी है। कटनी का चूना सीमेंट के पहले से मशहूर है। मुख्यमंत्री होने के नाते सभी को आश्वस्त करता हूं कि उद्योगपतियों को अच्छा परिवेश मिलेगा। 27 ⏩ शेष पेज 7 पर

राजधानी में आयोजित किए गए 'ईटी-वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के जवाब में बोले विदेश मंत्री

# 'व्यापार समझौते' पर बातचीत जारी, लेकिन कुछ मुद्दों पर 'लक्ष्मण रेखा' खींचकर अड़ा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत इन दिनों एक विचित्र भू-राजनीतिक परिदृश्य से घिरा हुआ है। जिसमें एक ओर चीन के साथ एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशें हो रही हैं। तो दूसरी ओर अमेरिका के साथ 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। लेकिन इन सबके बीच शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व देश के रुख को हर स्तर पर स्पष्ट करने में लगा हुआ है।

शनिवार को विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने राजधानी में आयोजित किए गए 'ईटी-वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में इस संबंध में मोर्चा संभाला। सबसे पहले उन्होंने अमेरिकी टैरिफ और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। ⏩ शेष पेज 7 पर

कार्यक्रम में डॉ. जयशंकर ने टैरिफ, रूसी तेल खरीद से मुनाफा, भारत-पाकिस्तान संघर्षविराम, अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों और भारत-चीन संबंधों जैसे विषयों पर भी रखी अपनी बेबाक राय



### किसानों के हित सुरक्षित रहेंगे

उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ को अनुचित और अविवेकपूर्ण करार देते हुए कहा, लक्ष्मण रेखा का संबंध प्राथमिक रूप से देश के किसानों के हितों और छोटे उत्पादकों से जुड़ा है। बतौर केंद्र सरकार के रूप में हम अपने किसानों और मझौले उत्पादकों के हितों की रक्षा करने के लिए न केवल प्रतिबद्ध हैं। बल्कि दृढ़ संकल्पित भी हैं। ऐसा कुछ नहीं है जिस पर हम कोई समझौता कर सकें। लेकिन अमेरिकी सरकार की कुछ मांगें साफ तौर पर हमारी लक्ष्मण रेखा को लांघ रही हैं। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिनका संबंध देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से है। बताते चलें कि अमेरिका चाहता है कि उसके कृषि, मुर्गीपालन और डेयरी उत्पादों के लिए भारत अपना बाजार खोले। जिसके लिए देश तैयार नहीं है। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह अमेरिका द्वारा जीएम पद्धति से तैयार किए गए मक्का, सोयाबीन को भारत में निर्यात करने की है। जीएम फसलें पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस को दिए अपने भाषण में भी कहा था कि मोदी किसानों, मछुआरों और जीव-जंतुओं के खिलाफ किसी भी हानिकारक नीति के विरूद्ध दीवार बनकर खड़ा है।

### अमेरिका-पाक से जुड़ा लादेन का इतिहास

जयशंकर ने अमेरिका-पाकिस्तान में बढ़ती घनिष्टता पर कहा कि दोनों देशों का एक-दूसरे के साथ एक इतिहास रहा है। जिसमें की गई इसी इतिहास की अनदेखी भी शामिल है। यह सब कुछ पहली बार नहीं हो रहा है। अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने इतिहास को भूल गया है। लेकिन उसे ओसामा बिन लादेन की याद दिलाना जरूरी है। जो दुनिया का सबसे कुख्यात आतंकवादी था और वह 2011 में पाकिस्तान के सैन्य शहर एबटाबाद से पकड़ा गया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाक के बीच संघर्षविराम कराने में ट्रंप की भूमिका को नकारते हुए उन्होंने कहा, अमेरिकी पक्ष से मेरी बातचीत से पहले ही दोनों देशों के बीच शत्रुता रोकने यानी संघर्षविराम पर सहमति बन चुकी थी। अमेरिकी पक्ष से मेरी हर बातचीत एक्स पर पोस्ट की गई है। संघर्षों के बीच हम सभी बातचीत करते हैं। इजरायल-ईरान संघर्ष के मध्य मैंने बात की, रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच भी मैंने बातचीत की थी।

### नहीं देखा ऐसा अमेरिकी राष्ट्रपति?

विदेश मंत्री ने कहा कि हमने वर्तमान राष्ट्रपति (ट्रंप) की तरह अब तक ऐसा कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं देखा जो अपनी विदेश नीति को सार्वजनिक कर दे। जैसा कि डोनाल्ड ट्रंप कर रहे हैं। बहुतायत मामलों में उनके द्वारा ऐसा किया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप का दुनिया और खुद अपने देश को संभालने का तरीका परंपरागत शास्त्र संगत तरीके से बिल्कुल जुदा है। टैरिफ पर जयशंकर ने ये भी कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा इस संबंध में कोई घोषणा पहले सार्वजनिक रूप से की जाती है और उसके बाद संबंधित पक्ष को सूचना मिलती है। सच्चाई ये है कि इस संबंध में काफी कुछ सार्वजनिक रूप से कहा जा चुका है। जो सामान्य नहीं है। यह ऐसी स्थिति है जिसका पूरी दुनिया सामना कर रही है।

### तो न खरीदें भारतीय उत्पाद

भारत की तेल खरीद को यूक्रेन युद्ध में रूस का ईंधन बढ़ाने वाले अमेरिका-यूरोप के तर्क पर विदेश मंत्री ने निशाना साधते हुए कहा, भारत की तेल खरीद राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय हितों की पूर्ति करती है। देश के पास स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता है, हम ऐसे निर्णय लेते हैं जो राष्ट्रीय हित में हैं। ये हास्यास्पद है कि जो लोग अमेरिकी प्रशासन में व्यापार समर्थक के तौर पर काम करते हैं। वो बाकी देशों पर व्यापार करने का आरोप लगा रहे हैं। अगर आपको भारत और उसके परिष्कृत अन्य उत्पादों को खरीदने में परेशानी है तो आप उन्हें मत खरीदिए। इसके लिए कोई आपको मजबूर भी नहीं करेगा। यूरोप खरीदता है, अमेरिका खरीदता है। इसलिए अगर आपको ये पसंद नहीं है तो आप न खरीदें। उन्होंने पश्चिम ⏩ शेष पेज 7 पर

केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी बोले

# देश में केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, स्मार्ट विलेज भी बनेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा कि देश को 2047 तक शक्तिशाली और विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ कार्य जारी है। भारत अभी 22 लाख करोड़ रुपए का ईंधन आयात कर रहा है। लेकिन हाइड्रोजन हमारे भविष्य का ईंधन है। हाइड्रोजन के बल पर हम ऊर्जा का निर्यात करेंगे, हमारा अन्नदाता, ऊर्जा उत्पादक होगा और वह समृद्ध भी होगा। देश में केवल स्मार्ट शहर नहीं, स्मार्ट विलेज भी बनेंगे। गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाए, यही हमारा सपना है। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 4250 करोड़ से अधिक की लागत वाली ⏩ शेष पेज 7 पर

### साढ़े 4 घंटे में पहुंचेंगे ग्वालियर से दिल्ली

केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए 3 लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की हैं, जिनमें से 75 हजार करोड़ के कार्य पूरे किए हैं और 65 हजार करोड़ के कार्य प्रगति पर हैं। आगामी समय में डेढ़ लाख करोड़ रुपए लागत से करीब ढाई हजार किलोमीटर के कार्य डीपीआर के लिए रखे हैं। मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रुपए की लागत से 5 ग्रीन फील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। इंदौर से हैदराबाद कॉरिडोर पर ओंकारेश्वर के पास नर्मदा नदी पर एक भव्य ब्रिज का ⏩ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

### पीएम मोदी कल से करेंगे गुजरात दौरा

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त से शुरू हो रहे अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित घरों का उद्घाटन करेंगे। वे 5,477 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।



जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक

### 3 और 4 सितंबर को होगा 2 स्लैब स्ट्रक्चर फैसला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को होने वाली है। इस बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा।




परिषद की यह बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है। छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार हमने दो स्लैब वाले जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं। जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के ⏩ शेष पेज 7 पर

ममता बनर्जी ने कहा कि ये विधेयक देश में लोकतांत्रिक युग को 'खत्म' कर देंगे

### तृणमूल कांग्रेस का जेपीसी में शामिल होने से इंकार, बताया दिखावा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शनिवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री,



मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को बर्खास्त करने संबंधी विधेयकों की जांच के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में किसी सदस्य को नामित नहीं करेगी, यदि उन्हें लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रखा जाता है या गिरफ्तार किया जाता है। टीएमसी ने एक बयान में कहा कि हम 130वें संविधान संशोधन विधेयक का पेश होने के चरण में ही विरोध करते हैं और हमारे विचार से जेपीसी एक दिखावा है। इसलिए, हम टीएमसी से किसी को भी नामित नहीं कर रहे ⏩ शेष पेज 7 पर

मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को लेकर शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

### हरियाणा के सभी शहरों की होगी स्वच्छता रैंकिंग: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों से 'टीम हरियाणा' के रूप में कार्य करने का आह्वान किया ताकि प्रदेश को अग्रणी



बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश को और अधिक स्वच्छ, सुन्दर व हरा-भरा बनाने और स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही केंद्र के स्वच्छ सर्वेक्षण की तर्ज पर हरियाणा के सभी शहरों की स्वच्छता रैंकिंग शुरू की जाएगी। स्वच्छता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शहरों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पंचकूला में नवनिर्मित स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान का उद्घाटन करने उपरांत स्वच्छता ⏩ शेष पेज 7 पर




कदमत युद्धपोत ने भी पूरा किया इंडोनेशिया में अपना तीन दिवसीय बंदरगाह पड़ाव

# भारत यात्रा के बीच ग्रीस की सौडा खाड़ी में डाला तमाल युद्धपोत ने लंगर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर जारी उथल-पुथल के बीच भारतीय नौसेना अपने जंगी बेड़े को लगातार मजबूत बनाने में लगी हुई है। जिसमें एक ओर पिछले जुलाई महीने की शुरुआत में रूस से उसे मिला आईएनएस तमाल युद्धपोत भारत पहुंचने की अपनी यात्रा में ग्रीस की सौडा खाड़ी में डाले गए बंदरगाह पड़ाव को पूरा कर आगे बढ़ गया है।

वहीं, दूसरी ओर बल का ही एक अन्य पोत आईएनएस कदमत ने भी इंडोनेशिया के सुरबाया में अपना तीन दिवसीय बंदरगाह प्रवास सफलता के साथ संपन्न कर लिया है। नौसेना ने शनिवार ⏩ शेष पेज 7 पर


आईएनएस तमाल


नौसेना का कदमत पोत

### कदमत ने दिलाई मजबूत मित्रता की याद

वहीं, इंडोनेशिया के अपने प्रवास में नौसेना के कदमत पोत ने दोनों देशों के बीच मौजूद दोस्ती के मजबूत संबंध, विश्वास और दोनों नौसैन्य बलों के बीच आपसी संचालनीयता और रणनीतिक सामंजस्य को साफ तौर पर प्रदर्शित किया है। पोत के चालक दल ने विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कदमत की ये यात्रा क्षेत्र में भारतीय नौसेना की एक स्वैच्छिक सुरक्षा भागीदार के रूप में बनी हुई प्रतिबद्धता और दोनों देशों के बीच साझा विजन के तहत समूचे समुद्र में बनी हुई दीर्घावधि साझेदारी की झलक भी प्रस्तुत करती है।

### बंदरगाह पड़ाव के लिए यूं ग्रीस को चुना

नौसेना ने कहा, तमाल का ग्रीस के बंदरगाह पर पहुंचने का निर्णय भारत के साथ उसके संबंधों को दिए जाने वाले महत्व और भारत-ग्रीस के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग को सशक्त करने के प्रयासों का प्रमाण है। जिसकी मदद से दोनों नौसेनाओं को आपस में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को साझा करने व संयुक्त सहयोग के लिए भावी अवसरों का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। सौडा खाडी में तमाल 19 से 22 अगस्त तक रुका था। इसके बाद उसने हेलेनिक नौसेना की रूसेन श्रेणी की गश्ती नौका एचएस रिटोस के साथ एक अभ्यास में शिरकत की थी। बंदरगाह पर पहुंचने पर युद्धपोत के चालक दल ने हेलेनिक और नाटो अधिकारियों के साथ बातचीत की। साथ ही सौडा स्थित ग्रीस नौसेना के अड्डे, आयुध सुविधा और स्थानीय समुद्री संग्रहालय का दौरा किया। क्रेते में द्वितीय विश्व युद्ध के कब्रिस्तान में चालक चल ने श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

### हथियार और कारतूस भी बरामद

# गैंगवार की साजिश नाकाम, नवीन बाली गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना स्थित एक होटल से नवीन बाली गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार और कारतूस भी बरामद हुये हैं। इस बरामदगी और गिरफ्तारी से पुलिस ने गैंगवार को टालने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि राजेश बवानिया और नवीन बाली गिरोहों के बीच मौजूदा समय में प्रतिद्वंद्विता है, जिसके तहत आरोपी हत्या की साजिश रच रहे थे। डीसीपी हरेश्वर के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस ने बवाना स्थित एक होटल के बाहर एक मोटरसाइकिल खड़ी देखी थी, जिसके काफी समय से वहां खड़े रहने पर पुलिस को संदेह हुआ था। पूछताछ में पता लगा कि होटल का



मालिक तीन दिनों से वहीं रह रहा था। होटल के कमरे की तलाशी लिए जाने पर वहां तीन लोग संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। उनके पास से एक पिस्तौल के साथ 11 कारतूस और एक अन्य पिस्तौल के साथ तीन कारतूस बरामद हुये। बदमाशों की पहचान पूठ खुर्द निवासी अंजार आलम (20) और रितिक (20) तथा पंजाब के गुरदासपुर निवासी राजेश कुमार उर्फ सरदार (28) के रूप में हुई थी। अंजार की निशानदेही पर तलाशी में एक और पिस्तौल, दो मैगजीन और 13 कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता लगा है कि आरोपी 2023 में अजय उर्फ बहादुर और इस साल जनवरी में धर्मवीर उर्फ बिल्लू की हत्या का बदला लेने के मकसद से साजिश रच रहे थे। रितिक को उनकी रेकी करने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिन्हें निशाना बनाया जाना था, जबकि अंजार और राजेश को हत्या को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। वे गिरोह के सरगना हिमांशु भाऊ के लगातार संपर्क में थे, जो फिलहाल विदेश में छिपा हुआ है और जिसने साजिश को अंजाम देने के लिए 70 हजार रुपये भी भेजे थे। पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं ने मोबाइल फोन जब्त किए, जिसमें आपत्तिजनक चैट थी। रेकी के लिए इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। डीसीपी ने बताया कि आरोपियों का कोई पिछला आपराधिक इतिहास नहीं है।

# अभिनय के इच्छुक व्यक्ति से 24 लाख ठगने वाला कपल दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की पुलिस ने टीवी धारावाहिक के निर्माता और निर्देशक बनकर अभिनय के इच्छुक लोगों को ठगने के आरोप में एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों के नाम लखनऊ निवासी 32 वर्षीय तरुण शेखर शर्मा और दिल्ली निवासी आशा सिंह उर्फ भावना (29) बताये गये हैं। देशभर में 20 शिकायतों से इनका कनेक्शन पता चला हैं। आरोपी व्यक्ति लोकप्रिय टीवी और ओटीटी धारावाहिकों में भूमिका दिलाने के बहाने सोशल मीडिया मंच के जरिए लोगों को लुभाकर अपने जाल में फंसाते थे।



डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि ताजा मामले में उन्होंने एक शिकायतकर्ता से 24 लाख रुपये की ठगी की थी। शिकायतकर्ता को इन लोगों का सोशल मीडिया पेज दिखा था जिसमें ये खुद को टीवी धारावाहिक निर्माता बताते थे। डीसीपी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोपियों के पेज पर देखा कि उन्हें एक टीवी धारावाहिक के लिए नए कलाकारों की तलाश है, जिसके बाद उसने इनसे संपर्क किया था। डीसीपी ने कहा कि शिकायतकर्ता से प्रोसेसिंग और सदस्यता शुल्क जैसे विभिन्न बहानों से पैसे मांगे गए। लगभग 24 लाख रुपये ट्रांसफर करने के बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने पैसों के लेनदेन का पता लगाया और बेंगलुरु में एक किराए के अपार्टमेंट में आरोपियों की मौजूदगी का पता चलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अलग-अलग शहरों से काम करते थे और बार-बार अपना ठिकाना बदलते रहते थे। वे लग्जरी होटलों में ठहरते थे और शान-शौकत से रहते थे। उन्होंने लगभग 15 बैंक खाते खोले और अलग-अलग राज्यों से जारी कई सिम कार्ड इस्तेमाल किए। जालसाजो ने ऑनलाइन वीडियो देखकर खुद को प्रशिक्षित भी किया। आरोपी जम्मू-कश्मीर में भी एक मामले में वांछित हैं और उत्तर प्रदेश व दिल्ली में इसी तरह की कई धोखाधड़ी में शामिल हैं।

## दिल्ली की अदालतों की कार्रवाई से कल भी दूर रहेंगे वकील, एलजी हाउस घेराव की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गत दो दिनों से हड़ताल पर चल रहे दिल्ली के वकीलों ने पुन घोषणा कर दी है कि सोमवार को भी अदालती कार्रवाई से देर रहेंगे,यानी हड़ताल जारी रहेगी। अगर एलजी विनय कुमार सक्सेना ने अपनी अधिसूचना वापस नहीं ली तो फिर वकील एलजी आवास यानी राज निवास का घेराव करने के लिए भी तैयार है। शनिवार को दिल्ली के सभी जिला न्यायालयों की बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति की अहम बैठक तीस हजारी न्यायालय परिसर में आयोजित की गई। जिसमें समन्वय समिति ने गहन चर्चा व सरकार के रूख की समीक्षा करते हुए घोषणा की कि सोमवार को भी हड़ताल जारी रहेगी। समिति अध्यक्ष वी के सिंह और महामंत्री अनिल कुमार बसैया ने कहा कि जब तक एलजी अपनी अधिसूचना को वापस नहीं लेंगे तब तक हड़ताल जारी रहेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण त्यागी के अनुसार सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भारत सरकार के गृह सचिव के 15 जुलाई 2024 के परिपत्र का उल्लंघन करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा 13 अगस्त 2025 को मनमानी अधिसूचना के विरुद्ध, दिल्ली के सभी जिला न्यायालयों में दिनांक 25 अगस्त को भी पूर्णत हड़ताल रहेगी। उन्होंने बताया कि उपस्थिति प्रतिबंधित की जाएगी। लोक अभियोजकों, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई अभियोजकों, पुलिस अधिकारियों और एनएआईबी न्यायालयों के अधिकारियों को न्यायालयों में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा आम जनता की जानकारी के लिए व इसमें शामिल होने की अपील की साथ सोमवार को दिल्ली के सभी न्यायालय परिसरों के बाहर प्रदर्शन आयोजित किए जाएँगे। अधिवक्ता प्रवीण ने बताया कि यदि सोमवार तक अधिसूचना वापस नहीं ली गई, तो विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा जिसमें उपराज्यपाल आवास का घेराव भी शामिल होगा। समन्वय समिति इस मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए समर्थन की सराहना करती है। संगठन ने दिल्ली के सभी बार एसोसिएशनों की ओर से, दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन और सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए नैतिक समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है।

# कुत्तों ने काटा तो सुप्रीम कोर्ट व कुत्ता खिलाऊ जिम्मेदार : गोयल

### लोधी गार्डन में आवारा कुत्तों को लेकर विजय गोयल का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की सड़कों पर इस समय लगभग 10 लाख से अधिक आवारा कुत्ते हैं। हर दिन करीब 2,000 लोग इनके काटने का शिकार होते हैं। नसबंदी और वैक्सीन के बावजूद कुत्ते काटते रहेंगे, इससे कोई ठोस समाधान नहीं होगा। इस स्थिति में यदि किसी को काटा जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट और तथाकथित कुत्ता प्रेमी संगठनों' की होगी, जो कुत्तों को सड़कों पर खाना खिलाते है। लोधी गार्डन में विभिन्न संगठनों ने आवारा कुत्तों की समस्या पर पिछले तीन वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने अभिनंदन कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। बता दें कि इस अवसर पर कई ऐसे लोग



भी उपस्थित थे जिन्हें आवारा कुत्तों ने काटा था। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे और उनके परिवार इस समस्या से बेहद पीड़ति हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भी जोर देकर कहा कि हम आवारा कुत्तों से बहुत परेशान हैं, सरकार को इस पर तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए। हम गोयल के प्रयासों को पूरा समर्थन देते हैं।

#### समस्या के खिलाफ एक मजबूत जनआंदोलन खड़ा करें

गोयल ने स्पष्ट किया कि वे दिल्ली भर में आवारा कुत्तों के मुद्दे पर जन-जागरण अभियान जारी रखेंगे और सभी आरडब्ल्यूए को एकजुट करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपील की कि अब समय आ गया है कि सभी निवासी खुलकर सामने आएं और इस समस्या के खिलाफ एक मजबूत जनआंदोलन खड़ा करें।

#### खूंखार, काटने वाले और हिंसक कुत्तों को बाड़ों में बंद करना संभव होगा

विजय गोयल ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट का एक सकारात्मक निर्णय यह है कि एबीसी रूल्स (एनीमन बर्थ कंट्रोल के सेक्शन 16 और 20) को समाप्त कर दिया गया है। इसके चलते अब खूंखार, काटने वाले और हिंसक कुत्तों को बाड़ों में बंद करना संभव होगा तथा सोसाइटी, अपार्टमेंट और सार्वजनिक स्थानों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर रोक लगेगी।

#### खाना खिलाने वालों और जनता के बीच झगड़ों की संभावन बढ़ी

गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या अभी कम नहीं हुई है। बल्कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के बाद कुत्तों को खाना खिलाने वालों और आम जनता के बीच झगड़े और टकराव और बढ़ सकते हैं। लेकिन गोयल ने कोर्ट के उस आदेश पर गंभीर चिंता व्यक्त की, जिसमें कहा गया है कि नसबंदी और टीकाकरण के बाद कुत्तों को फिर से सड़कों पर छोड़ दिया जाए।

## श्री रघुनंदन लीला समिति ने किया भूमि पूजन एवं ध्वजा वंदन समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली छावनी में होने वाली प्रसिद्ध रामलीला श्री रघुनंदन लीला समिति द्वारा शनिवार को वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच भूमि पूजन एवं ध्वजा वंदन समारोह हुआ। समिति के प्रधान अरुण गोयल ने बताया की इस बार 120x60 फुट के विशाल मंच पर लीला का आयोजन 22 सितंबर से होगा। दिल्ली छावनी का क्षेत्र होने के चलते वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मंच पर ऑपरेशन सिंदूर की झलक भी दिखाई देगी।

■ मंच पर झलकेगा ऑपरेशन सिंदूर

रामलीला को जीवंत दिखाने की इस बार विशेष तैयारियां की गईं हैं। गौरतलब है कि दिल्ली कैंट के रामलीला मैदान में 1954 से रामलीला का मंचन हो रहा है। इस बार 2025 में मंचन का 71 वां वर्ष हैं। यहां सेना के जवानों और अधिकारियों के परिवारों को इस लीला का बेसब्री से इंतजार रहता हैं।

मौजूदा सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी वर्षों सपरिवार यहां की लीला के साक्षी रहे हैं।

# 38 लाख 50 हजार के ऑनलाइन शेयर घोटाले का मुख्य आरोपी किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक हाई-प्रोफाइल ऑनलाइन शेयर बाजार घोटाले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने भोले-भाले लोगों का भरोसा जीतकर, उनमें डर पैदा करके और मनोवैज्ञानिक हेरफेर करके उनकी गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जतिन (25) निवासी झज्जर, हरियाणा के रूप में हुई है।



डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार एक वरिष्ठ नागरिक से धोखाधड़ी से संबंधित शिकायत मिली थी। इसमें 38 लाख 50 हजार की ठगी की गई थी। शिकायतकर्ता एक 75 वर्षीय सेवानिवृत्त एसबीआई बैंक अधिकारी थे। उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से ब्लिंकएक्स, स्टैंडर्ड चार्टर्ड एलीट और ब्लिंकएक्स मैक्स जैसे नकली स्टॉक ट्रेडिंग एप्लिकेशन इंस्टॉल करने के लिए लुभाया गया था। उन्हें एक धोखाधड़ी वाले निवेश सुझाव समूह में भी जोड़ा गया, जहां उन्हें धीरे-धीरे आईपीओ फंडिंग और लाभ निकासी के नाम पर निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया था। कई व्यक्तिगत बैंक खातों में आईएमपीएस/एनईएफटी/यूपीआई के माध्यम से भुगतान करवाये गए थे। जब पीड़ित ने धनराशि निकालने की कोशिश की, तो वह सफल नहीं हो पाये थे। बाद में धोखेबाजों ने उन्हें धमकी दी। जांच के दौरान जतिन के नाम पर एक प्रमुख संदिग्ध बैंक खाते की पहचान हुई, जिसमें शिकायतकर्ता के खाते से 12 मई से 18 मई के बीच 19,55,000 प्राप्त हुए थे। यह खाता यस बैंक में था। झज्जर में पहले हुई दो छापेमारी के बावजूद आरोपी गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा था। हालांकि गहन प्रयासों के बाद जतिन की उपस्थिति बहादुरगढ़ में पाई गई। त्वरित छापेमारी की गई और आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए नकली सिम कार्ड और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। यह भी पता चला है कि जतिन इसी तरह के एक मामले में गुरुग्राम पुलिस का भी वांछित है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर जांच करने पर जब्त किए गए खाते से जुड़ी छह और शिकायतें सामने आई है। कुल मिलाकर जतिन और इसके साथी पूरे भारत में 25 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों से जुड़े रहे हैं। इस रैकेट में शामिल सह आरोपी सुनील और अन्य साथियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।

# बहन से बदसलूखी का विरोध करने पर भाई की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के कालिंदीकुंज थाना इलाके में बहन से बदसलूखी का विरोध करने पर भाई को बेरहमी से पीटे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसे रोडरेज का मामला बताया है। घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान करने के दावे के साथ उनकी तलाश किये जाने की बात कहीं जा रही है।

पुलिस के अनुसार 22 अगस्त शुक्रवार को रात लगभग 10.26 बजे डी-1 ब्लॉक, मदनपुर खादर में कुछ लड़कों द्वारा मारपीट के संबंध में दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। एक कॉल में चाकू से हमला करने की बात कही गई, जबकि दूसरी कॉल में बहन के साथ छेड़छाड़ के बाद झगड़े का आरोप लगाया गया। कॉल प्राप्त होने पर पीसीआर और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुची और घायल व्यक्ति सोमित (18) पुत्र सोनू कुमार निवासी बी-2/198, जेजे कॉलोनी,



■ कालिंदी कुंज पुलिस ने बताया रोडरेज का मामला

एमपीके को पीसीआर वैन के माध्यम से एलबीएस अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसकी एमएलसी तैयार की गई। इसके अलावा पूछताछ में पता चला कि घायल सोमित कुमार अपनी बहन के साथ बाजार से घर जा रहा था। कुछ लड़के गली में खड़े थे। घायल की बहन ने एक लड़के को रास्ता छोड़ने को कहा और उनके बीच बहस छिड़ गई, जिसके परिणामस्वरूप रास्ता रोक रहे लड़कों ने पीड़ित पर हमला कर दिया। पुलिस का कहना है कि मौके पर जांच में बहन के साथ छेड़छाड़ या चाकू के इस्तेमाल की कोई बात सामने नहीं आई। धारा 115(2), 126(2), 351(2) और 3/5 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# संसद भवन के बाहर से संदिग्ध युवक को लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने शनिवार को भी संसद भवन परिसर के पास से 20 वर्षीय एक 'संदिग्ध' युवक को हिरासत में लिया। सीआईएसएफ के जवानों ने मामले की जांच के लिए संदिग्ध को पुलिस को सौंप दिया। बताया गया कि युवक के पास से कोई भी 'आपत्तिजनक' वस्तु बरामद नहीं हुई। एक दिन पहले भी एक व्यक्ति को संसद दीवार फांदने की कोशिश करते समय पकड़ा गया था।



सीआईएसएफ के जवानों ने 20 वर्षीय युवक को शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे रेल भवन और संसद भवन के बीच रायसीना रोड से पकड़ा। संसद की सुरक्षा में तैनात एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवक बेंगलुरु से दिल्ली आया था और दुबई जाने वाला था। उसके पास से कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि युवक के फोन में उसके आधार और पासपोर्ट की एक प्रति मिली है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद युवक को मामले की जांच के लिए कर्तव्य पथ थाने को सौंप दिया गया। सीआईएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने 22 अगस्त की घटना के बाद संसद परिसर की सुरक्षा के लिए एक 'सक्रिय' मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की है। इस प्रक्रिया के तहत किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सक्रिय रूप से जांच की जाएगी और उसे स्थानीय थाने को सौंप दिया जाएगा। संसद भवन परिसर के केवल बाहरी हिस्से में तस्वीरें लेने या इस भव्य इमारत को निहारने के लिए हर दिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। परिसर को किसी भी अप्रिय घटना से सुरक्षित रखने के लिए केवल उन्हीं लोगों को रोका जा रहा है, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध या खतरनाक लग रही हों। दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में सेंध के बाद सीआईएसएफ को परिसर की सुरक्षा में लगाया गया था।

### मुख्यमंत्री ने ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के अतिथियों के सम्मान में आयोजित किया रात्रिभोज

# कांफ्रेंस हमारे संसदीय लोकतंत्र की गुणवत्ता बढ़ाने का मंच बनेगी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ से पूर्व शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं व विधान परिषदों के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों तथा सभापतियों के सम्मान में एक विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया। सौहार्दपूर्ण संवाद और संसदीय परंपराओं से सराबोर इस आयोजन में मुख्यमंत्री ने सभी अतिथिगणों का बेहद आत्मीयता से स्वागत किया। यह कॉन्फ्रेंस 24



व 25 अगस्त को दिल्ली विधानसभा में आयोजित हो रही है। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिनिधियों का दिल्ली आगमन पर हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारत के पहले निर्वाचित स्पीकर विट्ठलभाई पटेल द्वारा केंद्रीय विधान सभा के अध्यक्ष पदभार ग्रहण करने की शताब्दी के ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित हो रहा है। दिल्ली को इस शताब्दी वर्ष में मेजबान बनने का सौभाग्य मिला है, यह हमारे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है। दिल्ली के होटल ताज में आयोजित इस रात्रिभोज के दौरान अतिथियों के बीच सौहार्दपूर्ण विचार-विमर्श भी हुआ, जिसमें विभिन्न सदनों के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों ने संसदीय कार्य व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनोन्मुख बनाने के उपायों पर अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राज्यों की विधानसभाएं लोकतंत्र की नर्सरी हैं, जहां जन अपेक्षाएं सीधे स्वर पाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रक्रियात्मक सुधार, आचार-संहिता, पीठासीन पदों की निष्पक्षता और सदन के समय का सदुपयोग, ये चार स्तंभ हर सदन के साझा लक्ष्य हैं। दिल्ली सरकार और दिल्ली विधानसभा, देशभर की विधानसभाओं के प्रतिनिधियों के साथ अपने अनुभवों को साझा करेगी। इस रात्रिभोज में राजधानी की मेजबानी और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक परंपरा का विशेष ध्यान रखा गया।

#### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे कांफ्रेंस का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांफ्रेंस 24 व 25 अगस्त को दिल्ली विधानसभा में आयोजित की जा रही है। प्रथम दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसका उद्घाटन करेंगे, जबकि समापन सत्र की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर विट्ठल भाई पटेल के जीवन और संसदीय योगदान पर विशेष डाक टिकट जारी किया जाएगा। उनकी जीवन गाथा पर आधारित एक प्रदर्शनी और डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी प्रस्तावित है। 'विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा' शीर्षक यह प्रदर्शनी 26 से 31 अगस्त तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। मुख्यमंत्री ने राजधानीवासियों से आग्रह किया कि वे बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर इस ऐतिहासिक अवसर से जुड़ें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जुबेर** पुत्र गफ्फार खान **निवासी** A-301/378, सरस्वती गली, मंडावली, दिल्ली ने **FIR No. 419/21 U/s 188 IPC. थानाः मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जुबेर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जुबेर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 419/21 U/s 188 IPC. थानाः मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जुबेर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/10023/ED/2025
(Court Matter)

खबर संक्षेप

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने की नागर से मुलाकात



**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जेपी नागर से मुलाकात की और अपनी नियुक्ति पर उनका आभार जताया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जेपी नागर ने कौशिक को जिलाध्यक्ष बनने पर मुंह मीठा कराते हुए उन्हें बधाई दी, उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी फरीदाबाद में और मजबूत होगी ।

## पुलिस ने 746 वाहन चालकों के चालान काटे



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा 18 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। पांच दिनों तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक, शराब के ठेकों, टोल प्लाज़ा के आसपास एवं अन्य स्थानों पर अभियान चलाया गया। पुलिस ने शहर में ट्रैफिक व सभी थाना-चौकियों द्वारा लगभग 22,300 वाहन चालकों की जांच की गई।

## नेपाल मूल के आरोपी सहित तीन गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने लूट के फिराक में घूम रहे नेपाल मूल के आरोपी सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जा से एक चाकू, मोबाइल, लोहे की रॉड व टॉर्च बरामद कर उद्योग विहार थाना में केस दर्ज कर लिया। सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र को सूचना मिली कि गांव ढूंढाहेड़ा उद्योग विहार में तीन युवक हथियार के बल पर आने-जाने वालों के साथ लूटपाट करने की कोशिश कर रहे हैं। जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर रेड मारते हुए तीन आरोपियों को अवैध हथियार सहित काबू कर लिया।

## गाजियाबाद, लोनी एवं मोदी नगर महायोजना 2031 के प्रभावी होने से बढ़ेगी निवेश की संभावनाएं: उपाध्यक्ष वत्स

एक्सप्रेस वे के साथ प्रस्तावित किए गए है नए औद्योगिक क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद, लोनी एवं मोदी नगर महायोजना 2031 के प्रभावी होने से जिले में अब निवेश की संभावनाएं बढ़ गई हैं। जिले में औद्योगिककरण एवं वन डिस्ट्रिक वन-प्रोडक्ट (ओडीओपी) को बढ़ावा दिए जाने के उददेश्य से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे के समीप नए औद्योगिक क्षेत्र प्रस्तावित किए गए है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार के एक ट्रिलियन अर्थ व्यवस्था के औद्योगिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में गाजियाबाद जनपद अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। ये तमाम बातें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने शनिवार को प्राधिकरण के सभागार कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, लोनी एवं मोदी नगर महायोजना 2031 की स्वीकृति होने से जनपद में ट्राजिंट ओरिएंटेड डेवलपमेंट ( टीओडी) नीति के क्रियान्वयन में सुगमता आएगी एवं सुनियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा।



### मिश्रित भू उपयोग में व्यवसायिक एवं आवासीय गतिविधियों का लाभ मिलेगा

वत्स ने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में मिश्रित भू उपयोग का प्राविधान रखा गया है, जिसके अंतर्गत दो अथवा अधिक भू- उपयोगों का मिश्रण एक ही भवन में होरीज़ोनटल अथवा वर्टीकली अथवा एक ही स्थान पर विभिन्न उपयोगों के एक से अधिक भवनों में अनुमन्यता प्रदान की जा सकेगी। विकास क्षेत्र के अंतर्गत महायोजना 2031में नए विस्तारित महायोजना में दो ट्रांसपोर्ट नगर, दो लॉजिस्टक पार्क एवं चार ट्रक पार्किंग भू उपयोग प्रस्तावित किए गए है, जिससे राजस्व सृजन में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर जनसामान्य व निवेशकों द्वारा मिश्रित भू उपयोग के अंतर्गत व्यवसायिक एवं आवासीय गतिविधियों का लाभ उठाया जा सकेगा, आरआरटीएस, मेट्रो कॉरिडोर के संचालन से जनपद में सुगम यातायात को बढावा मिलेगा। टीओडी जोन्स में जोनल प्लान तैयार किए जाने हेतु प्राधिकरण द्वारा एनसीआरटीसी को एजेंसी घोषित किया गया है, शासन द्वारा महायोजना 2031 स्वीकृत किए जाने के फलस्वरूप एजेंसी द्वारा जोनल प्लान तैयार किए जाने की गति बढ़ेगी। महायोजना में 15-15 फीसदी आवासीय एवं व्यवसायिक के साथ लगभग 20 फीसदी एरिया ग्रीन में बढ़ोत्तरी प्रस्तावित किया गया है।

## लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम व जिला बार एसो. द्वारा तीसरी बैंड सेरेमनी और सेमिनार का आयोजन

जस्टिस इंदिरा बनर्जी ने युवा वकीलों को अपनी शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम व जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के द्वारा आयोजित तीसरी बैंड सेरेमनी और सेमिनार का आयोजन लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम के अध्यक्ष राजेश खटाना एडवोकेट के द्वारा होटल मेगपाई में किया गया। कार्यक्रम स्वागत स्पीच और विशेष सहयोग विकास वर्मा पूर्व सहायक एडवोकेट जनरल एवं सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड ने किया व अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जस्टिस इंदिरा बैनर्जी पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट और विशेष अतिथि जस्टिस आर के वर्मा पूर्व न्यायाधीश मध्य प्रदेश हाईकोर्ट व विशेष अतिथि सना तारिकवाईस चेयरमैन मेट्रो हॉस्पिटल, विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, आर पी वर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रवीन शर्मा, अशोक प्रधान, आदित्य राजपूत और अशोक सैनी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.एम पी सिंह ने किया।

**खास बातें**

- जस्टिस ने ईमानदारी से काम करने और गरीबों के केस फ्री लड़ने की बात कही
- सेमिनार में बार के सीनियर वकीलों और युवा वकीलों का सम्मान किया गया
- कोई भी कानून या कार्रवाई संविधान का उल्लंघन न करें




### शाखाएं संविधान के दायरे में काम करें

इस अवसर पर जस्टिस इंदिरा बनर्जी ने युवा वकीलों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि वकील न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि वे न्याय के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हैं। वे न्यायिक समीक्षा के माध्यम से सरकार के विधायी और कार्यकारी कार्यों को चुनौती देते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी कानून या कार्रवाई संविधान का उल्लंघन न करें। इसके अलावा वे सुनवाई का अधिकार सुनिश्चित करके और मौलिक अधिकारों की रक्षा करके न्याय प्रणाली में निष्पक्षता बनाए रखने में सहायता करते हैं। न्यायमूर्ति आर. के. वर्मा ने कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता में वकीलों की भूमिका संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण वकील संविधान के अभिभावक के रूप में काम करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सरकार की अन्य शाखाएं संविधान के दायरे में काम करें और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखें। सीनियर एडवोकेट आर.पी. वर्मा ने कहा कि वकील न्यायिक समीक्षा की शक्ति का प्रयोग करते हैं जिससे उन्हें विधायी और कार्यकारी कार्यों को चुनौती देने और असंवैधानिक घोषित करने की अनुमति मिलती है, जो न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

### न्यायिक सक्रियता का समर्थन

वकील विशेष रूप से जनहित याचिकाओं के माध्यम से, न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों की सक्रिय रूप से रक्षा करने और समकालीन सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले तरीकों से कानूनों की व्याख्या करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### लोकतंत्र की रक्षा

एक स्वतंत्र न्यायपालिका लोकतंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा है। सना खान ने कहा कि वकील यह सुनिश्चित करने में मदद करते हैं कि न्यायपालिका सरकार की अन्य शाखाओं के दबाव से मुक्त होकर कानून के शासन को कायम रखें।

## अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन का लोगों ने किया अभिनंदन

कजाखिस्तान से सिल्वर मैडल जीतकर अपने घर लौटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज एवं फरीदाबाद नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अनमोल जैन का शुक्रवार को भारत उनके घर पर वेदांता सोसायटी सेक्टर-2 बल्लभगढ़ पहुंचने शहर के राजनेताओं व पार्षद सहित अन्य लोगों ने अभिनंदन किया। इस दौरान सभी ने अनमोल जैन को अपना आर्शीवाद देते हुए ओलंपिक में देश के लिए मैडल लाने का आर्शीवाद दिया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनमोल जैन शुक्रवार की दोपहर कजाखिस्तान के शिमकेंट नामक शहर से 10 मीटर एयर पिस्टल में सिल्वर मैडल जीतकर अपने घर लौटे थे। पहले उनके छोटे दादा राजेंद्र जैन प्रमोद जैन व उनकी दादी दर्शना जैन ने घर पर आकर अनमोल को सिलवर मैडल जीतने पर बधाई दी। पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपर चंद शर्मा, पार्षद योगेश शर्मा, युवा कांग्रेस नेता गिरीश भारद्वाज, टेक चंद शर्मा सहित निवासी एवं उद्योगपति योगेश ने शॉल पहनाकर और गुलदस्ते भेंट कर सम्मानित किया।

### ओलंपिक में देश के लिए मैडल जीतना मेरा जनून

एशियन शूटिंग चैपियनशिप में सिलवर मैडल (टीम) के विजेता अनमोल जैन ने कहा कि अब उनका लक्ष्य आने वाले अंतरराष्ट्रीय में बेहतर प्रदर्शन करना है। जिसके लिए उन्होंने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षो में ओलंपिक में देश के लिए मैडल जीतना उनका जनून बन चुका है। उन्होंने कहा कि उनके इस सफर में उनके कोच राकेश सिंह की कड़ी मेहनत है। परिवार की ओर से भी उन्हें हर संभव सहयोग मिल रहा है।

### चाइना में होने वाले वर्ल्डकप में निशाना लगाएगा

चाइना में सितंबर माह में 7 सितंबर से 15 सितंबर तक होने वाले वर्ल्डकप में अनमोल जैन निशाना लगाएगा। कोच राकेश सिंह ने बताया कि अनमोल चाइना में भी देश का नाम रोशन अवश्य करेगा।

## साहिबाबाद क्षेत्र में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट से मिल रहा है औद्योगिक इकाइयों को लाभ

नगर आयुक्त ने टीम से की समीक्षा

*1108 औद्योगिक इकाइयों को हो रही है जलापूर्ति, निगम वितरित करेगा बिल*

*लगे नलकूपों को चलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर होगी कार्रवाई: आयुक्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट को लेकर समीक्षा बैठक हुई बैठक में कंप्लीट हुए प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से देखते हुए ली गई।। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में 1108 औद्योगिक इकाइयों को गाजियाबाद नगर निगम जलापूर्ति कर रहा है, शेष औद्योगिक इकाइयों को भी शीघ्र औद्योगिक जलापूर्ति के लिए कार्रवाई चल रही है, टीम के द्वारा समीक्षा बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। ऐसी औद्योगिक इकाइयां जिनके द्वारा अवैध रूप से लगे हुए नलकूप का इस्तेमाल करते हुए जलापूर्ति की जा रही है उन पर विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा निर्णय लिया गया, साथ ही जिन औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति हो रही है उनको बिल वितरित करने के लिए भी निर्णय लिया गया, नगर आयुक्त द्वारा निर्धारित शुल्क के क्रम में बिल वितरित करने के लिए महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को निर्देशित किया गया।

### औद्योगिक जलापूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की



नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक में एस वरदराजन डायरेक्टर वी ए टेक वेबग लिमिटेड, प्रोजेक्ट मैनेजर अग्नि मोहंती उपस्थित रहे जिनके द्वारा रोड रेस्टोरेशन से लेकर, किए जा रहे शोधित जल की प्रक्रिया संबंधित प्रेजेंटेशन दी गई। औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति के लिए किया जा रहे रजिस्ट्रेशन व अन्य पर भी गहनता से विचार विमर्श किया गया, औद्योगिक क्षेत्र से भी निगम को जलापूर्ति करने पर आय प्राप्त होगी, रेट निर्धारण करने तथा बिल वितरित करने पर योजना बनाई जा रही है। बॉन्ड कमेटी के सदस्य के रूप में निर्माण विभाग से मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी, देशराज, जलकल विभाग से आस कुमार व अन्य टीम उपस्थित रही। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को जलापूर्ति के लिए सफलतापूर्वक संपन्न हुए ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट के कार्य के उपरांत प्रोजेक्ट के भव्य उद्घाटन के लिए भी निगम योजना बना रहा है, साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र को जलापूर्ति की जा रही है जिसका लाभ औद्योगिक इकाइयों को मिल रहा है समय-समय पर नगर आयुक्त व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा भी चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग निरीक्षण की क्रम में की जा रही है, शहर हित में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगा तेजी से कार्य चल रहा है।

## 75 लाख रुपए के गांजे के साथ गांजा तस्कर गिरफ्तार उड़ीसा से दिल्ली ला रहा था



**गाजियाबाद।** स्वाट टीम क्राइम ब्रांच व थाना वेवसिटी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में उड़ीसा राज्य से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में गाँजे की तस्करी व बिक्री करने वाले एक शातिर अन्तर्राज्यीय गाँजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से कुल 187 किलोग्राम नाजायज गांजा व तस्करी में प्रयुक्त कैन्टर गाड़ी बरामद किया गया है। बरामद गांजे की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 75 लाख रुपए है। एडीसीपी अपराध पीयूष सिंह ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रान्च एवं थाना वेवसिटी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की संयुक्त कार्यवाही में थाना वेवसिटी क्षेत्र से मुखबिर की सूचना पर इकला इनायतपुर रोड पर गांजा तस्कर राकेश को गिरफ्तार किया है। तिरपाल नीचे गांजा छिपाकर दिल्ली व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सप्लाई करने के लिए तस्करी करके ला रहा था ।

## क्रांतिकारी गुलाब सिंह लोधी का 91वां बलिदान दिवस मनाया

गुलाब सिंह लोधी ने तिरंगा फहराते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि) फरीदाबाद द्वारा अमर बलिदानी क्रांतिकारी गुलाब सिंह लोधी जी का 91वां बलिदान दिवस कार्यक्रम समिति रजि. कार्यालय डबुआ कालोनी एनआईटी फरीदाबाद में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेश पाठक, नंदकिशोर लोधी, मनवीर भड़ाना पूर्व पार्षद, लाखनसिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, भोपाल कश्यप, पूर्व पार्षद अवधेश ओझा, धर्म पाल सिंह लोधी, शीशपाल शास्त्री ने दीप प्रज्वलित किया, उपस्थितजनों ने बलिदानी के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया।

समिति के संस्थापक महासचिव लाखनसिंह लोधी ने क्रांतिकारी गुलाब सिंह लोधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुलाब सिंह लोधी का जन्म 3 मई 1903 में उन्नाव जिले के ग्राम चद्रिन्काखेड़ा (फतेहपुर चौरासी) में रामरतन सिंह लोधी, कृषक जमींदार परिवार में हुआ था। उस समय देश में ब्रिटिश साम्राज्य था। देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी संघर्षरत थे, यातनाएं झेल रहे थे। क्रांतिकारियों ने 23 अगस्त 1935 के दिन पूरे देश में झंडा सत्याग्रह आंदोलन के अंतर्गत ब्रिटिश सरकार के सभी मुख्यालयों, कार्यालयों के समक्ष



तिरंगा फहराने का आह्वान किया था। ब्रिटिश सरकार की सख्ती के कारण तिरंगा फहराने में सफल नहीं हो सके। 23 अगस्त 1935 को उन्नाव जिले से जत्थे के जत्थे लखनऊ के अमीनाबाद पार्क की ओर आ रहे थे परंतु सत्याग्रही तिरंगा फहराने में सफल न हो सके। इन्हीं एक जत्थे में क्रांतिकारी गुलाब सिंह लोधी भी थे जिनके हाथ में बैल हांकने वाली लकड़ी (पैना) था और तिरंगे झंडे को अपने कपडों में छुपा रखा था। किसी भी क्रांतिकारी को पार्क में जाने की अनुमति नहीं थी। क्रांतिकारी गुलाब सिंह लोधी ब्रिटिश सेना सिपाहियों की नजर बचाकर पार्क में खड़े पेड़ पर चढ़ गए। उन्होंने उस लकड़ी (पैना) में तिरंगे को लगाकर तिरंगा फहराते हुए उद्घोष करने लगे भारत माता की जय, महात्मा गांधी की जय, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा इस झंडे का मान न जाए, चाहे जान भले ही जाए। बाहर खड़े क्रांतिकारी भी उद्घोष करने लगे।

## राष्ट्रीय संवाद में गरीबी उन्मूलन व आजीविका बढ़ाने के नवीन और समावेशी उपायों पर मंथन

चरम गरीबी 16 प्रतिशत के घटकर 2 प्रतिशत रह गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

ट्रिकल अप ने सरकारी विभागों, नागरिक समाज, कॉर्पोरेट जगत और विकास साझेदारों के सहयोग से इंडिया हैबिटेट सेंटर, में आर्थिक समावेशन और लचीलापन के नए मार्ग विषय पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया। इस संवाद में वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों, दानदाता संस्थाओं, शिक्षाविदों और समुदाय प्रतिनिधियों ने भाग लिया और गहन चर्चा की। जिसका उद्देश्य गरीबी उन्मूलन और व्यापक स्तर पर टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवीन और समावेशी उपायों पर विचार-विमर्श था।

कार्यक्रम की शुरुआत ट्रिकल अप के एशिया क्षेत्रीय निदेशक सुशांत वर्मा के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय (डे-एनआरएलएम), भारत सरकार की संयुक्त सचिव, श्रीमती स्मृति शरण ने अपने




वक्तव्य में समावेशन, नवाचार और बहु-आयामी साझेदारी के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह संवाद एक बेहद महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। चरम गरीबी 16 प्रतिशत से घटकर 2 प्रतिशत रह गई है। जिससे करीब 17 करोड़ लोग अभाव से बाहर निकले हैं। मनरेगा के माध्यम से 3 अरब मानव-दिवस का रोजगार और संपत्तियां निर्मित हुई। जिसने ग्रामीण भारत की लचीलापन क्षमता को मजबूत किया।

## प्लॉन डिएक्टीवेट करने के नाम पर एक लाख अड़सठ हजार रुपए की ठगी, 4 आरोपी धराए

पुलिस ने किया ठगी की धाराओं में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्रेडिट कार्ड प्रोटेक्शन प्लॉन डिएक्टीवेट करने के नाम पर 168612 रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डबुआ कालोनी फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 9 जुलाई को उसके पास कस्टमर केयर से फोन आया जिसने कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड पर कार्ड प्रोटेक्शन प्लॉन एक्टीवेट हो गया है जिसका चार्ज कटेगा। इस सर्विस को डिएक्टिवेट कराने के लिए आपके फोन पर 6 डिजीट का ओटीपी आएगा। जिसको वेरिफाई कराने के बाद ये सर्विस डिएक्टिवेट हो जाएगी।

कथित बैंक कर्मचारी को ओटीपी बताने के बाद उसके खाते से 168612 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना एनआईटी में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आलोक आनंद, विकास, अखिल व मुकेश निवासी नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आलोक, विकास व अखिल कॉलर का काम करते थे। वहीं मुकेश ठगी के पैसो से ऑनलाईन ऑर्डर व एटीएम से कैस निकाल कर लाता था। तीनों आरोपी पहले कॉल सेंटर में काम करते थे जहां उनकी आपस में दोस्ती हुई थी।

आरोपी मुकेश, विकास का चाचा है। विकास स्नातक, मुकेश 6, आलोक व अखिल 12वीं पास है। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## नौकरी के नाम पर युवक से दो लाख 92 हजार रुपए ठगे

पीड़ित युवक के व्हाट्सएप पर भेजा जॉब फ्री ज्वाइनिंग का मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में एक युवक से पार्ट टाइम नौकरी के नाम पर 2,92,183 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।



पुलिस को दी शिकायत में ओडिशा निवासी दक्ष्यत कुमार नायक ने बताया कि वह मानेसर स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। 20 जुलाई को उसके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से पार्ट टाइम नौकरी के लिए मैसेज आया। मैसेज में जॉब फीस ज्वाइनिंग के लिए 9,898 रुपए भेजने के लिए कहा गया। जब दक्ष्यत कुमार ने रुपए ट्रांसफर किए तो उनको टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। इसके बाद जालसाजों ने कई बार में कुल 2,92,183 रुपए ट्रांसफर कराए लिए। इसके बाद जब दक्ष्यत कुमार ने अपने रुपए वापस मांगे तो कुछ रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। ऐसे में दक्ष्यत कुमार को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने अपने साथ हुई ठगी की 05 अगस्त को ऑनलाइन शिकायत पुलिस में दी थी। पुलिस ने अब मामला दर्ज करके जांच शुरू की है।

## खबर संक्षेप

### निगम सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर दी धरने की चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मियों की कमी के पीछे भ्रष्टाचार है और यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर निगम प्रशासन को धरने की चेतावनी दी है साथ ही निगम अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए है। अखिल भारतीय मजदूर एकता यूनियन ने दक्षिणी जोन, ग्रीन पार्क स्थित दिल्ली नगर निगम कार्यालय पर 9 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है। यूनियन के दिल्ली प्रभारी देवेंद्र सिंह प्रधान ने निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और मनमानी के गंभीर आरोप लगाए हैं तथा स्वच्छता कर्मियों की मूलभूत मांगों के समाधान की मांग की है। यूनियन ने उपायुक्त को लिखें गए पत्र में कहा है कि दिल्ली की स्वच्छता रैंकिंग सुधारने की बात तो खूब की जाती है, लेकिन जो सफाईकर्मी इस काम में अपनी जान तक की परवाह नहीं करते, उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### वासुदेव घाट पर पांच कियोस्क के लिए डीडीए ने मांगे आवेदन

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कश्मीरी गेट स्थित वासुदेव घाट पर पांच कियोस्क अलॉट करने के लिए लोगों से आवेदन मांगे है। जिसके लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2025 है और इसे ऑनलाइन करना होगा। डीडीए के अनुसार इस योजना के तहत प्रत्येक कियोस्क को पहली बार तीन वर्ष के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। डीडीए के अनुसार इस लाइसेंस को तीन तीन साल करके कुल 9 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। कियोस्क आवंटन की यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मतलब एसबीआई ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा होगा। बता दें कि गत वर्ष वासुदेव घाट पर यमुना मैया की आरती विधिवत रूप से शुरू हुई है।

### रेखा सरकार में साफ पेयजल को तरस रहे लोग : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने रेखा गुप्ता सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि राजधानी के लोग साफ सुथरे पेयजल के लिए तरस रहे है। उन्होंने कहा कि आज हालात यह है कि दिल्ली के गरीब लोगों को बोतल बंद महंगा पानी पीने के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जल संकट के आरोप को ग्रीनपीस इंडिया की जल ऑडिट में दिल्ली में जलापूर्ति पर चौकाने वाले आंकड़े उजागर किए है। जिससे पिछले 11 वर्षों में जनसंख्या वृद्धि के अनुपात में जलापूर्ति करने में पिछली आम आदमी पार्टी और मौजूदा भाजपा की सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है।

## जलभराव के कारण वाहनों की गति पर लगा ब्रेक

# दिल्ली में बारिश, कई जगह भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी कई जगह बारिश दर्ज की गई जिसके चलते लोगों को गर्मी से राहत के साथ ही परेशानी का सामना भी करना पड़ा। कई मुख्य मार्गों पर जगह जगह हुए जलभराव ने वाहनों को रेंगने पर मजबूर कर दिया। जिसके चलते दूपहियां वाहनों को गड्ढों के चलते गिरते हुए भी देखा गया। बता दें कि सुबह से ही उमस वाला मौसम बना रहा जिसके बाद दोपहर एक बजे मौसम ने करवट ली और आसमान बादलों से भर गया। कहीं हल्की तो कहीं एकाएक भारी बारिश का जो दौर शुरू हुआ वो देर रात तक चलता रहा।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने येलो अलर्ट जारी किया था। आईएमडी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग ने कुल 2.6 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि पालम में 3.6 मिमी, लोदी रोड 3.4 मिमी, रिज एरिया में 3.8 मिमी, आया नगर में 9.9 मिमी और राजघाट में 4.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में भी यही आंकड़े दर्ज दिखाए गए है। आईएमडी ने रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। अधिकांश स्थानों पर ऐ या दो बार हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिल सकती है। आसमानी चमक व गड़गड़ाहट के साथ कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आईएमडी ने सोमवार से लेकर अगले चार दिनों के अनुमान में ग्रीन अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। अधिकांश स्थानों पर ऐ या दो बार हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। आईएमडी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.3 कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.8 कम है। हवा में 94-65 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। बता दें कि इस मानसून में अगस्त महीने का बारिश का कोटा पूरा हो चुका है, बल्कि अब जो बरसात हो रही है वह अतिरिक्त आंकड़े दर्ज करने वाली है।

## भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां विश्वभर में बना रहीं पहचान अपनी : रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ 14वें वेलनेस न्यूरोथेरेपी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां विश्वभर में अपनी पहचान बना रही हैं। अर्धनारीश्वर चिकित्सा-न्यूरोथेरेपी जैसी परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां भारत की प्राचीन धरोहर हैं। इनका महत्व आज और भी बढ़ गया है क्योंकि यह उन बीमारियों का भी उपचार करती हैं, जहां आधुनिक चिकित्सा कई बार असफल हो जाती है। मुख्यमंत्री ने यह विचार शनिवार को आरोग्य पीठ के 14वें वेलनेस न्यूरोथेरेपी दिवस कार्यक्रम में व्यक्त किए। यह कार्यक्रम श्री गुरु रामराय उदासीन आश्रम सभागार, आराम बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि न्यूरोथेरेपी के लिए दिल्ली में बेहतर सुविधाएं विकसित हों, नए केंद्र स्थापित किए जाए और अधिक से अधिक लोग इस चिकित्सा का लाभ उठा सकें। सरकार इस पर आपके सुझावों के आधार पर ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि आरोग्य पीठ द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दिल्ली सरकार इस दिशा में ऐसी कल्याणकारी संस्थाओं की हरसंभव सहयोग करेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने डॉ. रामगोपाल दीक्षित की पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में संस्थान के पदाधिकारी डॉ. अशोक वाजपेयी, डॉ. कुसुम दीक्षित व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वैकल्पिक चिकित्सा केवल उपचार ही नहीं, बल्कि जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग भी दिखाती है।

## 'दिल्ली सरकार घोषित करे नया सर्किल रेट, नहीं तो किसानों के साथ सड़क पर उतरेंगे'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ कांग्रेस नेता डॉ. नरेश कुमार ने डिविजनल कमिश्नर से की मुलाकात

दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने शनिवार को दिल्ली के डिविजनल कमिश्नर नीरज सेमवाल से मुलाक़ात कर उन्हें कृषि भूमि के सर्किल रेट बढ़ाने को लेकर विस्तृत प्रतिनिधि-पत्र सौंपा। डॉ. कुमार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने पहले ही 6 जून 2025 को मुख्यमंत्री को इस विषय में प्रतिनिधि-पत्र दिया था। उसके बाद मुख्यमंत्री ने डिविजनल कमिश्नर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी। लेकिन यह बेहद चिंताजनक है कि करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी उस कमेटी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह साबित करता है कि दिल्ली की बीजेपी सरकार किसानों की तकलीफ़ों और हक़ की लड़ाई के प्रति गंभीर नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह गौरतलब है कि सन 2008 में आख़िरी बार सर्किल रेट बढ़ाए गए थे और उस समय दिल्ली की ज़मीन केवल दो केटेगरी में बाँटी गई थी। एक, कृषि भूमि जिसकी कीमत 53 लाख प्रति एकड़ तय की गई थी। दूसरी, रिवर बेड लैंड जिसकी कीमत 17 लाख प्रति एकड़ निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि इसी न्यायपूर्ण मॉडल को आधार मानते हुए अब कृषि भूमि का सर्किल रेट 10 करोड़ रूपये प्रति एकड़ किया जाना चाहिए।

डॉ. नरेश कुमार ने यह भी कहा कि 2015 और 2019 में पिछली सरकार ने ज़मीन को ज़िलेवार बाँटकर अलग-अलग सर्किल रेट तय करने की कोशिश की थी, जो किसानों और ज़मींदारों के साथ घोर अन्याय था। यह नीति असमानता और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सर्किल रेट बाज़ार भाव से बेहद कम हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल रहा और सरकार भी बड़े पैमाने पर राजस्व से वंचित हो रही है।

डॉ. कुमार ने चेतावनी दी कि अगर दिल्ली की बीजेपी सरकार ने कमेटी की रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक कर सर्किल रेट की घोषणा नहीं की, तो दिल्ली कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर उनकी इस न्याय की लड़ाई को दिल्ली की सड़कों पर लड़ेगी।

## बदली जाएंगी बवाना की सभी जर्जर पाइप लाइनः इंद्राज

### नांगल ठाकरान में पानी की नई लाइन बिछाने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बवाना क्षेत्र के कई गांवों में पानी की लाइनें 35-40 साल पुरानी हो चुकी हैं, जिनकी वजह से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ये सभी जर्जर पाइपलाइनें बदली जाएंगी। जिन गांवों और जेजे कॉलोनियों में अब तक लाइनें नहीं बिछाई गई हैं, वहां भी अंतिम छोर तक पाइपलाइन पहुंचाकर हर घर को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। यह बातें दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री और स्थानीय विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह ने शनिवार को बवाना विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 31 अंतर्गत नांगल ठाकरान स्थित माजरा डबास एवं बुढ़नपुर माजरा के लिए नई पानी की पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारम्भ करने के दौरान कही। मंत्री इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि दिल्ली के गांवों को निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति मिले। गांवों और जे जे कॉलोनियों का विकास सरकार की प्राथमिकता हैं। मंत्री इंद्राज ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी पाइपलाइनों की जगह उच्च गुणवत्ता वाली डीआई (डक्टाइल आयरन) पाइपलाइन का नेटवर्क तैयार किया जाए और कार्य को तीन माह के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही पाइप लाइन बिछाने के साथ निर्बाध जल आपूर्ति शुरू करने और खुदाई से प्रभावित सड़कों की मरम्मत का कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से गांवों की 2500 के करीब आबादी को इसका लाभ मिलेगा। इसके बाद मंत्री इंद्राज ने मुंगेशपुर गांव में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नए ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया।

## ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस आज से होगी शुरू, सभी तैयारियां पूरी : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में आज शुरू होने वाली दो दिवसीय ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियां पूरी हो चुकी है। शनिवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल वीर विट्ठलभाई पटेल की विरासत को सम्मान देता है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने और शासन में जवाबदेही बढ़ाने के हमारे संकल्प को भी दोहराता है। ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के सम्मेलन में विट्ठल भाई पटेल की स्मृति में एक विशेष प्रदर्शनी आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उद्घाटित की जाएगी, जिसमें दुर्लभ अभिलेख, तस्वीरें और संसदीय विकास की झलक प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा 24–25 अगस्त 2025 को पहली बार ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस और श्री विट्ठल भाई पटेल की जयंती के शताब्दी समारोह की मेजबानी करेगी। इसमें देशभर से विधानसभाओं और राज्य विधान परिषदों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे।

## निगम वार्ड समिति की बैठक

### जनहित के काम न हुए तो अधिकारियों को दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नरेला जोन वार्ड समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में जनहित के मुद्दे गरमा गए। समिति की अध्यक्ष बबीता डबास ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निगम उपायुक्त राकेश कुमार और मौजूद विभाग प्रमुखों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सभी पार्षदों और क्षेत्र से जनता की लगातार शिकायतें आ रही हैं कि अधिकारियों की लापरवाही से जनता के कार्य अधर में लटके पड़े हैं। अगर अगली बैठक तक जनता से जुड़े मुद्दों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो जिम्मेदार अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाना पड़ेगा। बैठक में उपस्थित वार्ड समिति उपाध्यक्ष जनता देवी, ग्रामीण समिति के अध्यक्ष योगेश राणा, पार्षद पवन सहरावत, सदीप डबास, दिनेश भारद्वाज, रामचंद्र, अंजू, मनोनीत पार्षद विनोद सहरावत, लक्ष्मण आर्य ने साफ कहा कि क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, कूड़ा प्रबंधन और स्ट्रीट लाइट जैसे बुनियादी काम महीनों से रुके पड़े हैं। जनता रोज़ परेशान हो रही है लेकिन अधिकारी केवल फाइलों में गोलमोल जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। पार्षदों ने साफ कहा कि अगर अगली बैठक तक सुधार दिखाई नहीं दिया तो वे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ प्रस्ताव लाकर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा देंगे।

## प्रवेश ने आउटर रिंग रोड का किया निरीक्षण

### मंत्री ने अधिकारियों को सड़क की जमीनी हकीकत से कराया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शनिवार को 47 किमी के आउटर रिंग रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान कमियां पाए जाने पर अधिकारियों की फटकार लगाई।

एक बस से सभी अधिकारियों के साथ आउटर रिंग रोड का निरीक्षण करने निकले मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सड़क का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री प्रवेश ने आउटर रिंग रोड पर जहां-जहां कमियां देखी उन्हें उसी समय अधिकारियों को ठीक करने के निर्देश दिए। इस दौरे में उनके साथ प्रिंसिपल सेक्रेटरी, चीफ इंजीनियर, इंजीनियर और ट्रैफिक पुलिस आदि के अधिकारी शामिल थे। इस दौरान मंत्री प्रवेश ने कहा कि अक्सर दिल्ली सरकार के तमाम डिपार्टमेंट के अधिकारी कमरों में बैठकर कमियों को बताते हैं लेकिन उससे सॉल्यूशन नहीं निकलता, इसलिए दिल्ली सरकार विकास कॉन्सेप्ट शुरू किया है। इसके तहत शनिवार को छुट्टी के दिन हमपे अधिकारियों को बस में ले जाकर सड़क पर निकलकर जमीनी हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि हमने कई कमियां देखी। कहीं पर गड्ढा था, कहीं पर टाइल टूटी हुई थी। उनको अधिकारी हाथ के हाथ नोट कर रहे हैं। इन कमियों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाएगा।

## सिविल लाइन जोन का निरंकारी ग्राउंड बना कूड़े का अड्डा

# 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' दिलाने के झूठे दावों की आम आदमी पार्टी ने खोली पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और महापौर के 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' दिलाने के झूठे दावों की पोल शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने खोली। बता दें कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आप के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने शनिवार को सिविल लाइन जोन के वार्ड 14 धीरपुर और वार्ड 7 कादीपुर में जगह-जगह बन रहे कूड़े के पहाड़ का दौरा किया और दिल्ली में बढ़ती गंदगी को लेकर भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि निरंकारी समागम ग्राउंड में भी कूड़े के पहाड़ खड़े हो गए हैं, जहां पीएम की रैलियां होती हैं। महापौर तो सिविल लाइन जोन के चेयरमैन रह चुके हैं। वो जब अपना घर नहीं साफ कर सकते तो दिल्ली की सफाई क्या करेंगे? नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि कुल मिलाकर भाजपा सरकार का 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' दिलाने का अभियान सिर्फ फोटो शूट तक सीमित रह गया है। अंकुश नारंग ने कहा कि एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक में खुद भाजपा पार्षदों ने माना कि सेंट्रल, साउथ और वेस्ट जोन में कूड़ा जमा हो रहा है। इस अवसर पर 'आप' के स्थानीय पार्षद नेहा अग्रवाल, गगन चौधरी, मुनेश देवी, टिम्सी शर्मा, रूबी रावत, प्रदीप अग्रवाल, अजय शर्मा, सुरेश शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### किसके कहने पर बन रहे हैं ये कूड़े के पहाड़

भाजपा पर निशाना साधते हुए नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि ये कूड़े के पहाड़ किसके कहने पर बन रहे हैं। क्या कूड़े का पहाड़ बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा या किसी और ने कहा है? भाजपा सिर्फ फोटो खिंचवाने के लिए झाड़ू न उठाएं, बल्कि वल्नरेबल पॉइंट्स में जाकर सफाई कराएं। अंकुश ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को बड़ी उम्मीदों के साथ चुना था, लेकिन चार इंजन की सरकार के बावजूद दिल्ली में कूड़े की समस्या बढ़ती जा रही है।

### कागजी और दिखावटी है यह अभियान

अंकुश नारंग ने बताया कि निरंकारी ग्राउंड में कूड़ा, मलबा और सिल्ट का ढेर जमा है। यहां कूड़े का ढेर एमसीडी, पीडब्ल्यूडी और दिल्ली जल बोर्ड मिलकर डाल रहे हैं। भाजपा का दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान कागजी और दिखावटी है। यह अभियान 1 अगस्त से 31 अगस्त तक चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद सिविल लाइंस जोन में मजलिस पार्क, वजीराबाद के रामघाट, अब निरंकारी ग्राउंड समेत कई अन्य जगहों पर कूड़े के पहाड़ खड़े हो रहे हैं। सिविल लाइंस जोन से महापौर राजा इकबाल सिंह आते हैं, वहां उनके घर से सिर्फ दो किमी दूर यह तीसरा कूड़े का पहाड़ है।

### राजा इकबाल सिंह आकर करें कूड़े के पहाड़ का उद्घाटन : अंकुश नारंग

अंकुश नारंग ने निरंकारी ग्राउंड का निरीक्षण के दौरान कहा कि यह वही निरंकारी ग्राउंड है, जहां बड़े-बड़े समागम और प्रधानमंत्री की रैलियां होती हैं, लेकिन अब यहां कूड़े के पहाड़ खड़े हो गए हैं। मैं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मेयर राजा इकबाल सिंह के लिए नारियल और फूल माला लाया हूं, ताकि वे आकर इस कूड़े के पहाड़ का उद्घाटन करें। भाजपा को फीता काटने और नारियल फोड़ने का शौक है, लेकिन न तो दिल्ली सरकार में और न ही एमसीडी में गवर्नेंस करना आता है।



## खबर संक्षेप

### बेटे के प्रोटोकॉल पर मंत्री स्वतंत्र देव ने दी सफाई



**अयोध्या।** अभा कुर्मी क्षत्रिय महासम्मेलन में शामिल होने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को अयोध्या पहुंचे। मीडिया से चर्चा में उन्होंने बेटे अभिषेक सिंह को निजी सचिव की ओर से प्रोटोकॉल दिए जाने पर सफाई पेश की। कहा कि इस बारे में ज्यादा चर्चा नहीं होनी चाहिए थी। भाजपा वंशवाद, जातिवाद और परिवारवाद से ऊपर उठकर पार्टी है। आठ वर्षों में कभी ऐसी हरकत नहीं हुई।

### अजरबैजान से रांची लाया गया खूंखार गैंगस्टर



**रांची।** अजरबैजान के बाकू में कैद खूंखार मयंक सिंह को भारतीय आतंकवाद निरोधी दस्ता को सौंप दिया है। प्रत्यर्पण की पूरी प्रक्रिया रात्रि के समय एयरपोर्ट पर संपन्न हुई है। इसके बाद शनिवार की सुबह करीब नौ बजे एटीएस की टीम मयंक सिंह को लेकर रांची पहुंची। उसे कड़ी सुरक्षा में एटीएस मुख्यालय और फिर पूछताछ के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में रखा जाएगा।

### चलती बाइक पर रोमांस पुलिस ने काटा चालान



**गोरखपुर।** यहां रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के नौका विहार रोड का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें युवक बाइक की टंकी पर लड़की को बैठाकर गाड़ी चला रहा है। युवती उससे लिपटी नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बाइक का 2500 रुपए का चालान काटा है। यूपी पुलिस के एक्स हैंडल को टैग कर यह वीडियो शेयर किया गया था।

## प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए प्रदेश में यूनिटें लगाई जाएंगी

# अब यूपी में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही मिलेगी सब्सिडी, ईवी पर 20 लाख रु. तक मिलता है लाभ

अब यूपी में निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही सब्सिडी मिलेगी। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अंतिम निर्णय का इंतजार है। बताते चलें कि ईवी पर 20 लाख तक की सब्सिडी मिलती है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अक्तूबर महीने से अब यूपी में बनने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही सब्सिडी मिलेगी। ऐसी तैयारियां की जा रही हैं। इस बाबत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है। इस पर अभी अंतिम निर्णय होना है। ऐसा होने पर इलेक्ट्रिकवाहनों के निर्माण के लिए प्रदेश में यूनिटें लगाई जाएंगी। इससे रोजगार भी सृजित होगा। जबकि, अभी तक देश में कहीं भी निर्मित ईवी को यूपी में खरीदने पर सब्सिडी दी जा रही है।



### अक्टूबर से नियम लागू होने की उम्मीद

वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की पॉलिसी लागू की गई। इसके तहत ईवी पर सब्सिडी देकर वाहनों की बिक्री को बढ़ावा दिया गया। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेशभर में बड़ी संख्या में वाहनों की खरीदारी हुई और ग्राहकों ने सब्सिडी का लाभ उठाया।

करीब 60 करोड़ रुपए सब्सिडी के तहत दिए जा चुके हैं। इसी क्रम में अब पॉलिसी में बदलाव किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि 14 अक्तूबर से यह नया नियम लागू हो सकता है। चूंकि वर्ष 2022 में उपरोक्त तारीख से ही पॉलिसी लागू की गई थी, जिसके तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में बनने वाले ईवी पर सब्सिडी देने से रोजगार सृजित होंगे। बड़ी-बड़ी कंपनियों को बिक्री बढ़ाने के लिए यूपी में यूनिटें लगानी होंगी। इससे रोजगार के साथ राजस्व की भी वृद्धि होगी। इससे प्रदेश की आर्थिक उन्नति होगी।

### टैक्स व पंजीकरण में पूरी छूट

अधिकारियों ने बताया कि 14 अक्तूबर, 2022 को ईवी पॉलिसी प्रदेश में लागू की गई थी। इसके तहत तीन साल तक ईवी खरीद पर शतप्रतिशत टैक्स व पंजीकरण में छूट दी जा रही है। इतना ही नहीं जिन्होंने टैक्स व पंजीकरण शुल्क भर दिया है, उन्हें रिफंड भी किया गया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-

# सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने न्यायिक व्यवस्था सुगम व त्वरित होना आवश्यक

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में वर्ष में 2024 में जनपद ट्रायल कोर्ट में 72 लाख मामलों का निस्तारण हुआ इसके बाद भी एक करोड़ 15 लाख से ज्यादा मामले लंबित पड़े है। अब ज्यादा से ज्यादा मामले निस्तारित हो रहे हैं और इसका परिणाम आज प्रदेश में दिख रहा है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के कांफ्रेंस हाल में उत्तर प्रदेश के न्यायिक सेवा संघ के 42वें सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के साथ अन्य वरिष्ठ न्यायमूर्ति संग दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी का स्वागत न्यायिक सेवा संघ के अध्यक्ष डीके सिंह ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य के परसेप्शन के लिए न्याय पालिका की बड़ी भूमिका होती है। न्याय को सुगम व त्वरित बनाने में सरकार की भी बड़ी भूमिका होती है। 'विकसित भारत की शुरुआत अपनी इकाई से करनी होगी। न्याय सुगम के साथ त्वरित होना चाहिए। विकसित भारत के लिए विकसित यूपी जरूरी है। न्याय सुगम व न्याय त्वरित बनाना पड़ेगा और इस विषय में बहुत प्रयास हुए है।

### खास बातें

- लखनऊ में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ का 42वां सम्मेलन
- पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्याय पालिका को विकसित भारत से जोड़ा

### न्याय है इसका दिव्य दर्शन कराता है यह अधिवेशन

उन्होंने कहा कि आजादी के शताब्दी के अवसर पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्याय पालिका को विकसित भारत से जोड़ा था। सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से यह समग्रता सबकी खुशहाली का कारण बनेगी। वर्ष भर में संविधान के प्रति वचन बद्धता के आयोजन हो रहे है, यहां की जो थीम है न्याय है यह अधिवेशन हमें महाकुंभ का दिव्य दर्शन कराता है। प्रयागराज में देश का सबसे बड़ा हाई कोर्ट है।

### नए कानून लागू होने में आती है कठिनाई




मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जुलाई 2024 को तीन नए कानून लागू हुए हैं। नए कानून लागू होने से थोड़ी कठिनाई होगी, लेकिन न्यायिक अधिकारियों ने इसको लागू किया। मुख्यमंत्री ने नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने का उल्लेख किया, जो प्रभावी हुए।

### प्रयागराज में न्यायधीशों के आवास के निर्माण की स्वीकृति

उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में हमने प्रयागराज में न्यायधीशों के आवास के निर्माण के लिए स्वीकृति दी है। लखनऊ में आवास के लिए 117 करोड़ रु की वित्तीय स्वीकृति दिला चुके है। प्रयागराज के भवन के रखरखाव के लिए 44 करोड़ 91 लाख रु राज्य सरकार जारी कर चुकी है। हमारी सरकार ने न्यायालय के अधोसंरचना के बारे में नई व्यवस्था आगे बढ़ाई है। केंद्र सरकार आवासीय व कोर्ट रूम के लिए 2024-25 में 148 करोड़ व 2025-26 में 239 करोड़ जारी कर चुकी है। हमारी सरकार ने यूपी में न्यायिक अधिकारियों के वेतन भत्तों के लिए 1092 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

## सीएम नीतीश कुमार का दावा

# पटना में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी होगा विश्व स्तरीय



एजेंसी ▶▶ पटना

सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को राजधानी के राजेंद्रनगर में बन रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह साइंस सिटी विश्व के बेहतरीन केंद्रों में एक होगा। मुख्यमंत्री ने साइंस सिटी के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कहा कि साईंस सिटी के निर्माण को लेकर विशेषज्ञों की राय ली गई है। निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात यहां आनेवाले विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों को सरलता से समझने में सुविधा होगी।

### साईंस सिटी के भवनों का निर्माण कार्य लगभग पूरा

निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को साईंस सिटी के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी दी। यह बताया कि साईंस सिटी के भवनों का निर्माण कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। साईंस सिटी, में पांच बड़े-बड़े हाल बनाए गए हैं, जिसमें विज्ञान से संबंधित प्रदर्शों को पांच गैलरी के माध्यम से दर्शाया जा रहा।

### 75 करोड़ रु. की लागत से प्रथम चरण

बीए साईंटिस्ट गैलरी, सस्टेनेबल प्लैनेट गैलरी, बेसिक साईंस गैलरी, बाडी एंड माइंड गैलरी, एस्ट्रोनामी एंड स्पेस गैलरी बनाया गया है। देश की एक अनुभवी संस्था नेशनल काउन्सिल आफ साईंस म्यूजियम के माध्यम से क्रिएटिव म्यूजियम डिजाइनर्स द्वारा 75 करोड रुपए की लागत से प्रथम चरण में बी ए साईंटिस्ट गैलरी में 12 तथा बेसिक साईस गैलरी में 35 विज्ञान प्रदर्शों का अधिष्ठापन कार्य अंतिम चरण में है।

## पेज एक का शेष

### ट्रंप के टैरिफ पर....

प्रयास किए जा रहे हैं।

**100 डॉलर के उपहार, पत्र भेजे जाएंगे:** इन सबके बीच दस्तावेज, पत्र और करीब 100 डॉलर तक की उपहार वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा दी जा रही पुरानी छूट फिलहाल बरकरार रहेगी। लेकिन इन्हें सीबीपी और यूएसपीएस से आगे स्पष्टीकरण मिलने के बाद अमेरिका में स्वीकार और भेजा जाना जारी रहेगा। वहीं, अमेरिका जाने वाली सभी वैश्विक डाक वस्तुएं, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो देश-विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत टैरिफ ढांचे के अनुसार सीमा शुल्क के अधीन होंगी। मामले को लेकर अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने बीते 15 अगस्त को इस संबंध में कुछ दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। जिनमें ट्रांसपोर्ट कैरियर और मान्यता प्राप्त पार्टियों को अंतरराष्ट्रीय डाक शिपमेंट पर ड्यूटी जमा करनी पड़ेगी। हालांकि योग्य पक्षों के पदनाम, शुल्क वसूली और प्रेषण तंत्र से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं अभी भी तय नहीं की गई हैं। जिसकी वजह से अमेरिका जाने वाले हवाई वाहकों ने परिचालन और तकनीकी तैयारी की कमी का हवाला देते हुए 25 अगस्त के बाद डाक खेप स्वीकार करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

### 56 हजार 414....

समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) और चूना पत्थर एवं सीमेंट पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि कटनी में आयोजित हुई माइनिंग कॉन्क्लेव में 56 हजार 414 करोड़ के निवेश के लिए उद्योगपतियों ने एमओयू साइन किए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही कटनी को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने जा रही है। डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में शामिल हुए देशभर के उद्योगपतियों का अभिनंदन किया।

**इनके बीच हुए एमओयू:** कॉन्क्लेव में राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। डॉ. चंद्र शेखर सिंह एचओडी क्रिटिकल मिलरल्स, बिरांची दास डायरेक्टर एचआरएसएसईएल, फ्रैंक नोबेल ए डायरेक्टर एंड जीडीएम एमपी स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन और प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दुनिया की सबसे बड़ी खनन कंपनी और राज्य खनन अन्वेषण एजेंसियों के माध्यम से मध्यप्रदेश को क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देगा। खनन क्षेत्र में आर्टिफियल इंटेलीजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ और खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के साथ भी एमओयू साइन हुआ।

### यहां उद्योगपतियों को ....

अगस्त को उज्जैन में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव कर रहे हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी सरकार आगे बढ़ रही है।

### देश में केवल....

174 किलोमीटर लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मंत्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। देश में 2000 अमृत सरोवर बने हैं, जिनमें से 109 मध्य प्रदेश के हैं। इनसे निकली मिट्टी सड़कों के निर्माण में उपयोग की गई और मिट्टी निकालने से बनीं संरचनाओं को जल संचय कर आसपास के क्षेत्रों का भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाब के रूप में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जबलपुर में निर्मित रानी दुर्गावती फ्लाई ओवर के लिए देश में पहली बार 1200 करोड़ रुपए का सीआरएफ (सेंट्रल रोड फंड) मंजूर किया गया है।

### साढ़े 4 घंटे में ....

निर्माण किया गया है। जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। उज्जैन-गरोठ 4 लेन ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, भोपाल से कानपुर 440 किलोमीटर लंबा 4 लेन इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने पर 15 घंटे की यात्रा 8 घंटे में पूरी होगी। आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे का भूमिपूजन भी जल्द होगा। साढ़े 4 घंटे में ग्वालियर से दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली से मुंबई के बीच बनाए जा रहे एक्सप्रेस वे में मध्यप्रदेश में 245 किलोमीटर का हिस्सा बनकर पूरा हो गया है। मुंबई में भी कार्य अंतिम चरण में है।

### 'व्यापार समझौते' पर...

जिसका अभी तक फिलहाल कोई नतीजा नहीं निकला है। दोनों बड़े देश हैं, जिसमें संवाद पर रोक नहीं रहती है। वहीं, किसी ने भी ये नहीं कहा कि बातचीत बंद है। ऐसा भी नहीं है कि वहां कोई कट्टी है। लेकिन मामले में हमारी एक लक्ष्मण रेखा है, जिससे जुड़े मुद्दों पर सरकार किसी तरह का कोई समझौता करने के लिए तैयार नहीं है। जयशंकर का ये बयान रूस से कच्चे तेल की खरीद पर नाराज अमेरिका द्वारा भारत पर जुर्माने के तौर पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ के 27 अगस्त को लागू होने की डेडलाइन से करीब चार दिन पहले दिया गया है। उधर, अमेरिकी व्यापार वार्ताकारों की 25 से 29 अगस्त की नई दिल्ली यात्रा रोक दी गई है।

**अमेरिका से चीन संबंधों की तुलना गलत:** भारत-चीन संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि इनका अमेरिका से कोई सरोकार नहीं है। मुझे लगता है कि हर चीज को एक साथ जोड़कर देखना गलत है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में यह समझना जरूरी है कि एक विकास है, उस रिश्ते का एक प्रवाह है। उन्होंने कहा कि हर समस्या के लिए अलग-अलग सीमाएं होती हैं।

### तो न खरीदें...

के विवादित तर्क का जिक्र करते हुए कहा कि रूस से यूरोप का कुल व्यापार भारत की तुलना में कई गुना अधिक है। ऐसे में जब लोग कहते हैं कि भारत, रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने के लिए ईंधन यानी धन मुहैया करा रहा है। तो यूरोप के खजाने के पैसे से क्या हो रहा है? अगर आप ऊर्जा की बात करते हैं। तब भी वो हमसे आगे हैं। भारत का रूस को निर्यात बढ़ा है। किन ये उतना भी नहीं है जितना बताया जा रहा है। जयशंकर ने ये भी साफ किया कि भारत को अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय लेने का पूरा अधिकार है और उसे ही सामरिक स्वायत्तता कहते हैं।

### 3 और 4 सितंबर...

तहत मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना है। देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है।

### तृणमूल कांग्रेस का...

हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन विवादास्पद विधेयक - संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 - पेश किए थे। हालांकि, इन तीनों विधेयकों के पेश होने पर सदन में भारी हंगामा हुआ और विपक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इन विधेयकों के ज़रिए गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य सरकारों को अस्थिर करना चाहती है। कुछ विपक्षी सदस्यों ने विधेयकों की प्रतियां फाड़कर शाह की ओर फेंक दीं, जिन्होंने बाद में कहा कि विधेयकों को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। शाह द्वारा संसद में इन विधेयकों को पेश किए जाने के बाद, ममता बनर्जी ने कहा कि ये विधेयक देश में लोकतांत्रिक युग को 'खत्म' कर देंगे और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को भी 'खत्म' कर देंगे। उन्होंने कहा कि ये विधेयक प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को सशक्त करेंगे और इसे सुपर-आपातकाल से भी बड़ा कदम बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा आज पेश किए जाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हूँ। मैं इसे सुपर-आपातकाल से भी बढ़कर, भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने की दिशा में एक कदम बताकर इसकी निंदा करती हूँ। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मौत की घंटी है।

### हरियाणा के सभी ...

को लेकर सभी जिलों के अतिरिक्त उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त, जिला नगर आयुक्त, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) व प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) सहित राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्तों ने वीडियो कांफ्रैसिंग के माध्यम से भाग लिया। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव भी उपस्थित थे।

**वातावरण को स्वच्छ रखना सामूहिक जिम्मेदारी:** उन्होंने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और समाज को नई दिशा दें। लोगों की स्वच्छता को लेकर छोटी से छोटी शिकायत का तुरंत किया जाए समाधान उन्होंने कहा कि अगामी 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक प्रदेश भर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जागरूकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की स्वच्छता को लेकर छोटी से छोटी शिकायत का तुरंत समाधान किया जाए ताकि लोगों का विश्वास सरकार में और अधिक बढ़े।

**स्वच्छता कार्यों में सामाजिक संगठनों को शामिल करें:** उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यो में आरडब्ल्यूए तथा अन्य सामाजिक संगठनों को भी शामिल किया जाए। सीएसआर के तहत चौराहों का सौंदर्यकरण व रख रखाव करें ताकि शहरों की सुंदरता को और बढ़ाया जा सके। प्रदेश की सड़कों पर बेसहारा पशु न आए नजर मुख्यमंत्री ने शहरों में बेसहारा पशुओं की समस्या का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि सड़कों पर एक भी बेसहारा पशु नहीं रहना चाहिए, यदि एक भी गौवंश सड़कों पर नजर आए तो उसे तुरंत गौशालाओं में भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को धैर्यपूर्वक सुने और उसको बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। सरकार का उद्देश्य है कि सभी नागरिक अस्पतालों में निजी अस्पतालों की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि लोगों को ईलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए सभी जिला अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजीटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और टैस्टिंग लैब इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुज्जित किया जा रहा है।

### भारत यात्रा के बीच ....

को यह जानकारी देते हुए बताया कि तमाल भारत में अपने घरेलू बंदरगाह तक पहुंचने के रास्ते में एशिया के मित्र देशों के बंदरगाह का दौरा करेगा। जिससे खासतौर पर समुद्री कूटनीति को बढ़ावा मिलेगा और तमाम देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय नौसैन्य संबंध भी मजबूत होंगे।

## पीलीभीत में भीषण हादसा

# कार की टक्कर से टेंपो के उड़े परखच्चे, 5 की मौत, 7 घायल



एजेंसी ▶▶ पीलीभीत

जहानाबाद क्षेत्र में शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ। कार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर में दो मासूम समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मारने वालों में मां-बेटे और नानी-नातिन भी शामिल हैं। जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जहानाबाद सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। डीएम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

हादसा हरिद्वार हाईवे पर हुआ। पीलीभीत की ओर से जा रहा टेंपो अमरिया की ओर से आ रही कार से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। कार का एयरबैग खुल गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहानाबाद सीएचसी में चिकित्सकों ने मासूम समेत पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल हुए सात लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही डीएम ज्ञानेंद्र सिंह जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जानने के साथ ही चिकित्सकों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

## कटिहार में किसानों की जानी आपबीती

# कीचड़ भरे तालाब में राहुल गांधी उतरे, निकाला मखाना



एजेंसी ▶▶ कटिहार

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को कटिहार में मखाना किसानों से मिले और उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान वो किसानों के साथ मखाने के तालाब में भी उतरे, और मखाना निकाला। तालाब से लेकर मखाना तैयार होने के पूरे प्रोसेस को समझा। इस दौरान राहुल से किसानों ने अपनी समस्याएं भी साझा की। कई किसानों से उन्होने बातचीत की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए किसानों का दुख-दर्द शेयर किया।

उन्होने लिखा कि बिहार दुनिया का 90% मखाना उगाता है, मगर दिन-रात धूप-पानी में मेहनत करने वाले किसान-मज़दूर मुनाफे का 1% भी नहीं कमाते हैं। आज, इन किसानों से उनके खेतों में मिलकर उनकी आपबीती जानी। बड़े शहरों में 1000-2000 रुपए किलो बिकता है, मगर इन मेहनतकशों, पूरे उद्योग की नींव को, नाम मात्र का दाम मिलता है। कौन हैं ये किसान-मज़दूर? अतिपिछड़े, दलित - बहुजन। पूरी मेहनत इन 99% बहुजनों की और फ़ायदा सिर्फ़ 1% है। वोट चोर सरकार को न इनकी कदर है, न फिकर - न आय दिया, और न ही न्याय। वोट का अधिकार और हुनर का हक़ एक सिक्के के दो पहलू हैं - और इन दोनों को ही हम खोने नहीं देंगे।

वोटर अधिकार यात्रा कटिहार से पूर्णिया पहुंचेगी। 17 अगस्त से शुरू हुई यात्रा में तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के सभी दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हैं। तीसर चरण में प्रियंका गांधी भी साथ जुड़ेंगी।

# भाजपा नेता ने बिजली दफ्तर में घुसकर अधीक्षण अभियंता को जूते से पीटा, वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

एजेंसी ▶▶ बलिया

जिले में शनिवार को बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां बिजली विभाग के दफ्तर में घुसकर एक भाजपा नेता ने अधीक्षण अभियंता (एसई) लाल जी सिंह की जूते से पिटाई कर दी। अचानक हुए हमले से अधीक्षण अभियंता सकते में रह गए। दफ्तर में अफरातफरी मच गई। भाजपा नेता के साथ आए लोगों और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने किसी तरह बीच-बचाव किया। अधीक्षण अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा नेता मुन्ना बहादुर सिंह के खिलाफ नामजद और अन्य के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुन्ना बहादुर सिंह भाजपा के मंडल महामंत्री रहे हैं। वह पार्टी के समर्थन से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### बिजली की समस्या को लेकर बातचीत के दौरान धक्का-मुक्की



घटना शहर के सिविल लाइन में स्थित कार्यालय में हुई। अधीक्षण अभियंता लाल सिंह अपने कार्यालय में बैठे थे। इसी बीच कुछ लोग पहुंचे और बिजली की समस्या को लेकर बातचीत होने लगी। तेज आवाज में बातचीत के दौरान ही अधीक्षण अभियंता से धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी बीच, भाजपा नेता ने अपना सफेद रंग का जूता उतारा और अधीक्षण अभियंता के सिर पर मारना शुरू कर दिया। इससे कार्यालय में अफरातफरी मच गयी। मौजूद कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया। भाजपा नेता के साथ आए लोगों ने भी उनको मुन्ना भैया, मुन्ना भैया कहकर रोकने की कोशिश की और किसी तरह अधीक्षण अभियंता को उनके गुस्से से बचाया।

### अधीक्षण अभियंता ने एक नामजद और 20-25 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी

मामले की जानकारी तत्काल जिले के अधिकारियों को दी गई। अधीक्षण अभियंता की इस तरह कार्यालय में घुसकर जूता से पिटाई की सूचना मिलते ही खलबली मच गई। नगर कोतवाली पहुंचे अधीक्षण अभियंता ने एक नामजद और 20-25 अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को पुलिस ने भी संज्ञान में लिया है। अधीक्षण अभियंता के अनुसार वह अपने कार्यालय में बैठे थे। तभी 20-25 लोग पहुंचे। इनमें से सागरपाली निवासी मुन्ना बहादुर सिंह ने बिना कोई समस्या बताए गाली-गलौज करते हुए जूते से हमला कर दिया। सरकारी कागजातों को नुकसान पहुंचाया और वहां रखे कई सामान तोड़ दिए।

